सं. ए.12025/13/2020-प्रशा.
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
प्रशासन अनुभाग
*****

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग
नई दिल्ली, 06 फरवरी, 2024

सेवा में

1. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
2. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिव।
3. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/कृषि विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/स्वायत्त/ सांविधिक संगठन।

विषयः - जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर ज्येष्ठ संयुक्त आयुक्त (कृषि विद्या) के पद को भरे जाने से संबंधित।

महोदया/महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय पद के वेतन मैट्रिक्स स्तर-13 (रूपए 123100-215900) में ज्येष्ठ संयुक्त आयुक्त (कृषि विद्या) के पद को भरे जाने का प्रस्ताव है।

<u>पात्रता</u>

2. केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र अथवा कृषि विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के अधिकारी, जो निम्नलिखित अर्हताओं को धारण करते हों, पात्र होंगे-

(क) (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर समान पद पर कार्यरत हों; या

(ii) नियुक्ति के उपरांत, मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (रूपए 78800-209200) अथवा इसके समतुल्य ग्रेड में पाँच वर्षों की सेवा; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अहर्ताएं और अनुभव और अनुभव रखते हैं:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संसथान से कृषि इंजीनियरिंग या मृदा और जल संरक्षण इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री;

या

जल संरक्षण या जल प्रबंधन या सिंचित कृषि योजना तैयार करने या राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या केंद्रीय सरकार के सिंचाई या कृषि विभाग में या किसी मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय या केंद्रीय सर्कार के किसी कृषि प्रशिक्षण या अनुसंधान या प्रबंधन संस्थान या जल इंजीनियरिंग सेवाओं में खेतों में विकास कार्य करने का बारह वर्ष का अनुभव |

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) जिसमे केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित) साधारणतय पांच (05) वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तारीख को छप्पन (56) वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयनित अधिकारियों के पास, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-(वेतन-।।), समय-समय पर यथा संशोधित, द्वारा प्रतिबंधित शर्तों के अनुसार अपने मूल संवर्ग में मैट्रिक्स के अनुसार अपने वेतन और प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति पद के वेतनमान में अपना वेतन निर्धारित करवाने का विकल्प होगा।

5. अनुरोध किया जाता है इस कि पद का व्यापक प्रचार किया जाए और पात्र और इच्छुक अधिकारियों द्वारा संलग्न प्रोफॉर्मा (अनुलग्नक क) में संबंधित अधिकारियों के संपूर्ण विवरण हस्ताक्षर और प्रायोजित प्राधिकारी के प्रति हस्ताक्षर सहित अपेक्षित प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों के साथ रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित करते समय प्रायोजित प्राधिकारी को यह प्रमाणित करना होगा कि:

i. आवेदक द्वारा दिया गया विवरण सही है।
ii. आवेदनकर्ता की सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।
iii. आवेदनकर्ता के खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है।
iv. पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदनकर्ता पर किसी भी प्रकार की बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा पिछले (मामले के अनुरूप) 10 वर्षों के दौरान आवेदनकर्ता पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची (मामले के अनुसार) संलग्न है।
v. एपीएआर की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर कम से कम अवर सचिव या इससे ऊपर के अधिकारी द्वारा सत्यापित करके संलग्न की जाए।

6. आवेदन की अग्रिम प्रति ई-मेल द्वारा usadmn-mowr@nic.in या admn-mowr@nic.in पर अग्रेषित की जा सकती है। निर्धारित तारीख के बाद अपेक्षित जानकारी/दस्तावेजों के अभाव में ऐसे आवेदनों का निरस्त कर दिया जाएगा।

भवदीय,

(शंकर लाल)
उप सचिव (प्रशासन)
दूरभाष सं. 011-23738126
ईमेल- usadmn-mowr@nic.in

प्रति कार्रवाई हेतु अग्रेषितः -

i. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय।
ii. सभी आयुक्त/एसजेसी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग।
iii. अवर सचिव {सीएस-। (कोर्डिनेशन)} कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, दूसरा तल, 'ए' विंग, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली। इस रिक्ति परिपत्र के व्यापक परिचालन हेतु कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
iv. एनआईसी सेल, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, रिक्ति परिपत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अनुलग्नक-क

जीवन-वृत्त

आवेदन किए गए पद का नाम :-			
1.	नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)	:	
2.	जन्म की तारीख (ईस्वी सन में)	:	
3.	(i) सेवा में आने की तारीख	:	
	(ii) केन्द्र/ राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृति की तारीख	:	
4.	शैक्षिक योग्यता	:	
5.	क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं। **(यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें)**	:	

विज्ञापन/ रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित योग्यताएं/ अनुभव		**अधिकारी की योग्यताएं/ अनुभव**	
अनिवार्य		**अनिवार्य**	
(क) योग्यता		**(क)** योग्यता	
(ख) अनुभव		**(ख)** अनुभव	
वांछनीय		**वांछनीय**	
(क) योग्यता		**(क)** योग्यता	
(ख) अनुभव		**(ख)** अनुभव	

5.1	**टिप्पणी**: इस कॉलम में परिपत्र जारी होने अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी होने के समय **प्रशासनिक मंत्रालय/ विभाग/ कार्यालय** द्वारा भर्ती नियमों में किए गए उल्लेख के अनुसार अनिवार्य और वांछनीय योग्यताएं को दर्शाने के लिए विस्तार से सूचना दी जानी है।		
5.2	डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हता के मामले में **अभ्यर्थी द्वारा** चयनित/ मुख्य विषयों तथा सहायक विषयों की जानकारी दर्शाई जानी चाहिए।		
6.	कृपया आप स्वयं द्वारा की गई प्रविष्टियों के संदर्भ में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षा पूरी करते हैं	:	
6.1	**टिप्पणी**: **अधिकारियों को मांगने वाले विभागों को आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी की संबंधित अनिवार्य योग्यता/ कार्य अनुभव (जीवन-वृत्त में दर्शाए अनुसार) की पुष्टि करते हुए उनकी विशिष्ट टिप्पणियां/ विचार बताने होंगे।**		
7.	कालक्रमानुसार रोजगार के ब्यौरे। **यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा भली-भांति अधिप्रमाणित अलग से एक शीट संलग्न करें।**		

कार्यालय/ संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान	आवेदित पद के लिए अनुभव को रेखांकित करते हुए किए जाने वाले कार्य की प्रकृति (विस्तार में)

*** महत्वपूर्ण:** एसीपी/ एमएसीपी के तहत दिया गया वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी की व्यक्तिगत जानकारी है, इसलिए दर्शाई नहीं जानी चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान दर्शाया जाना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा लिए गए एसीपी/ एमएसीपी के लाभों के संबंध में वर्तमान वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन का ब्यौरा निम्नानुसार शामिल किया जाए:

कार्यालय/ संस्थान	एसीपी/ एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	से	तक

8.	वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्ध-स्थायी अथवा स्थायी	:	
9.	वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध आधार पर धारित होने के मामले में कृपया उल्लेख करें	:	

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख	(ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	(ग) अभ्यर्थी जिस मूल कार्यालय/ संगठन से संबंधित है उसका नाम	(घ) मूल संगठन में धारित उल्लेखनीय पद का पदनाम और वेतन

9.1	**टिप्पणी:** अधिकारी के पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर होने पर ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संवर्ग/ विभाग द्वारा संवर्ग स्वीकृति, सतर्कता निकासी और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।		
9.2	**टिप्पणी:** ऊपर कॉलम 9 (ग) तथा (घ) में ऐसे सभी मामलों के संबंध में सूचना दी जानी चाहिए जहां अभ्यर्थी संवर्ग/ संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर है परंतु अपने मूल संवर्ग/ संगठन में लियन पर है		
10.	यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर रहा हो तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापस आने की तारीख और अन्य विवरण।	:	
11.	**वर्तमान रोजगार के विषय में अतिरिक्त विवरण:** कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं - (संगत कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)	:	
	(क) केंद्र सरकार	:	
	(ख) राज्य सरकार	:	
	(ग) स्वायत्त संगठन	:	
	(घ) सरकारी उपक्रम	:	
	(ड.) विश्वविद्यालय	:	
	(च) अन्य	:	
12.	कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्य कर रहें हैं और फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर ग्रेड के फीडर ग्रेड में हैं।	:	

13.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो संशोधन की तारीख बताएं तथा संशोधन पूर्व वेतनमान भी उल्लख करें	:	

14.	वर्तमान में आहरित कुल परिलब्धियां

वेतन बैंड में मूल वेतन	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

15.	ऐसे मामले में जहां आवेदक एक ऐसे संगठन से संबंधित है जो केन्द्र सरकार के वेतन मान का पालन नहीं करते है, निम्नलिखित विवरण को दर्शाते हुए संगठन द्वारा जारी अद्यतन वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है।

वेतन मान सहित मूल वेतन और वेतन वृद्धि का दर	महंगाई वेतनअन्य भत्ता /अंतरिम राहत/ (पूर्ण विवरण सहित) आदि	कुल परिलब्धियां

16.क	अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों। (इसमें अन्य बातों के साथ साथ निम्न के संबंध में सूचना दी जा सकती है -:	:	
	(i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताएं	:	
	(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और	:	
	(iii) रिक्ति परिपत्रविज्ञापन में निर्धारित अनुभव के / (अतिरिक्त कार्य अनुभव)**टिप्पणी यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से : (एक शीट लगाएं**	:	
16.ख	**उपलब्धियाँ:** अभ्यर्थी से निम्न के संबंध में सूचना उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया जाता है-		
	(i) शोध प्रकाशनों और रिपोर्टों तथा विशेष परियोजनाओं,	:	
	(ii) पुरस्कारअधिकारिक प्रशंसा /स्कॉलरशिप /	:	
	(iii) पेशेवर निकायोंसोसाइटियों के साथ /संस्थाओं / संबद्धता और	:	
	(iv) अपने नाम पर अथवा संगठन के लिए प्राप्त पंजीकृत पेटेंट	:	

	(v) अधिकारिक मान्यता सहित अन्य अनुसंधान / नवीन उपाय	:	
	(vi) कोई और सूचना दे सकते हैं **यदि : टिप्पणी) स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से एक शीट संलग्न (करें**	:	
17.	कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति पुनर्नियुक्ति आधार के /आमेलन /(आईएसटीसी) लिए आवेदन कर रहे हैं ।# राज्य सरकारों /केन्द्र) के तहत आने वाले अधिकारी केवल"आमेलन" के पात्र हैं । गैरसरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल - (अल्पकालिक अनुबंध के पात्र हैं ।	:	
	# ('एसटीसी' / ' आमेलन '/ 'पुनर्नियुक्ति' का विकल्प तभी उपलब्ध होता है यदि रिक्ति परिपत्र में खासतौर पर 'एसटीसी' / ' आमेलन '/ 'पुनर्नियुक्ति' द्वारा भर्ती का उल्लेख किया जाता है।		
18.	क्या अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति से / संबंधित हैं ।	:	

मैंने रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ लिया है और मैं इस बात से भली-भांति अवगत हूं कि चयन के समय चयन समिति द्वारा मेरे द्वारा दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत जीवन-वृत्त का आकलन भी किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई सूचना/ विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है तथा मेरे चयन से संबंधित कोई भी खास तथ्य को छुपाया/ रोका नहीं गया है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

पता _____

_____

तिथि

नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में उपलब्ध कराई गई सूचना और विवरण रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही हैं। वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते/ रखती हैं। यदि चयनित होते है तो उन्हें तत्काल कार्य मुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि

(i) श्री/श्रीमती..... के विरूद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित/ विचाराधीन नहीं है।

(ii) वे सत्यनिष्ठ हैं।

(iii) भारत सरकार के अवर सचिव अथवा इससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित विगत 5 वर्षों की एसीआर की प्रतिलिपि संलग्न है।

(iv) विगत 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/ छोटी शास्ती नहीं लगाई गई है अथवा विगत 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/ छोटी शास्ती की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

_____

(नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मोहर सहित)